प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल मंडी ज़िले के सरकाघाट, सराज, द्रंग और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रों में 216 करोड़ रुपये की 33 विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने बलद्वाड़ा, भदरोता और गोपालपुर विकासखंड के कुछ हिस्सों के लिए लगभग 55 करोड़ रुपये की बहु–ग्रामीण पाइप पेयजल योजना, सरकाघाट में 32 करोड़ रुपये की लागत से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल, कोठी पट्टन में ब्यास नदी पर लगभग 23 करोड़ रुपये की लागत से पैदल मार्ग सहित डबल लेन पुल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कई विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिलाएं भी रखीं।

जन्माष्टमी

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार आज देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। ये त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशी के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार भाद्रपद महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में आशा व्यक्त की कि जन्माष्टमी का पर्व लोगों के जीवन में नया उत्सांह और नई ऊर्जा लाएगा।

मणिमहेश यात्रा

इस बीच चम्बा जिला की विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा आज डल झील में छोटे नहोण के साथ शुरू हो गई। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पवित्र डल झील में हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और कैलाश पर्वत के दर्शन किए। आधिकारिक रूप से ये यात्रा राधा–अष्टमी तक चलेगी। 15 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस यात्रा को लेकर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने यात्रियों से अपील हैं कि मौसम की सही जानकारी लेकर ही सफर करें ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित रहे।

प्रधानमंत्री –अटल श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सादर नमन। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र के चौतरफा विकास के लिए वाजपेयी का समर्पण और सेवाभाव, हर एक को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करता है।

अटल बिहारी वाजपेयी पुण्य तिथि

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर रिज मैदान पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी आदर्शवादी नेता रहे है और सभी कांग्रेस व भाजपा सहित सभी राजनीतिक दल उनका सम्मान करते थे।

एनएचएआई–फास्टैग वार्षिक पास

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पूरे देश में लगभग एक हजार 150 टोल प्लाजा पर फास्टैग वार्षिक पास की सुविधा शुरू कर दी है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, कल शाम सात बजे तक लगभग एक लाख चालीस हजार लोगों ने वार्षिक पास खरीद कर इसे सक्रिय किया। मंत्रालय ने कहा कि वार्षिक पास से सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक टोल प्लाजा पर प्राधिकरण के अधिकारी और नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

बैंड प्रदर्शन

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कल मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने तथा ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता का जश्न मनाने के उद्देश्य से गेयटी थियेटर शिमला में एक भव्य बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया गया। गोरखा प्रशिक्षण केंद्र–14 के सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, जिसमें एकता, वीरता और बलिदान की भावना झलक देखी गई। इस कार्यक्रम में न केवल गौरवशाली स्वतंत्रता संग्राम को श्रद्धांजलि दी गई, बल्कि भारतीय सशस्त्र बलों की उपलब्धियों, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित वीरता को भी उजागर किया गया।